हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 31 जनवरी 2026
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



## खबर संक्षेप



### जिले खिलाड़ी राज्य ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में दिखाएंगे दमखम

**कोरबा।** मार्शल आर्ट्स संस्था लेवल अप एमएमए अकैडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगामी राज्य ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। प्रतियोगिता 30 जनवरी से 1 फरवरी तक बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश भर से सैकड़ों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। लेवल अप एमएमए एकेडमी सिटी सेंटर मॉल, निहारिका और बालको सतनाम भवन अकादमी के खिलाड़ियों ने पिछले कई सप्ताहों से नियमित प्रशिक्षण, फिटनेस ड्रिल्स, तकनीकी अभ्यास एवं स्पैरिंग सेशन के माध्यम से कड़ी मेहनत की है। खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। बालक वर्ग में अक्षत पांडेय, अक्षत साहू, स्वास्तिक जायसवाल, सौरभ महंत, शाश्वत पावाल, विवान जायसवाल एवं बालिका वर्ग में श्रीजा सिंह, आर्या गौरी सिंह, सृष्टि गुप्ता, प्रिया गेंडले, पावनी साहू, भूमिका जगत, एकता पटेल, नित्या, वी. संभवी, गोल्डी अग्रवाल, शिवांगी जायसवाल, मेघा टेकाम, रितु राठिया, काजल कंवर, वंशिका कंवर, मानवी चंद्रा, अद्वितीय गुप्ता, मिया फ्रांसिस अलापट्ट, कुहू रहांडले एवं पूमसे (बालिका वर्ग) नित्या, आर्या गौरी सिंह, पावनी साहू, श्रीजा सिंह शामिल हैं।

### बेलाकछार राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी से

**बालको।** ग्राम बेलाकछार बालको में विगत 11 वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक युवा समिति के तत्वाधान में बालको राम मंदिर के समीप किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30 हजार, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार, तृतीय पुरस्कार 12 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार के अलावा बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट डिफेंडर को एक हजार एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 2 हजार दिया जाएगा। वहीं सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम को 2 हजार का पुरस्कार एवं शील्ड के साथ साथ सभी विजेता टीम को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 301 रूपये एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 5 फरवरी रखा गया है। युवा समिति के अध्यक्ष केशव चन्द्रा ने जिले के कबड्डी खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अपील किया है।

### धतुरा में कलश यात्रा के साथ संगीत मय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**हरदीबाजार।** ग्राम धतुरा में कलश यात्रा के साथ संगीत मय श्रीमद भागवत का शुरूआत जिसके कथा वाचक पं.नितेश दुबे (धतुरा वाले) एवं मुख्य यजमान शत्रुहन राठौर सकुन बाई और इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इससे पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। और कथा 28 जनवरी से 3 फरवरी को कथा विश्राम होगा और 4 फरवरी को तुलसी पूजा एवं सहस्त्र धारा ब्राह्मण भोजन के साथ समापन होगा और इस बिच वहा उपस्थित गुड्डू राठौर, रामप्रकाश राठौर, उमेश दुबे, ध्रुव लाल राठौर, लक्ष्मी जयसवाल, मनोज श्रीवास, श्याम राठौर, बबलू राठौर, दीपेश, दिव्यांशु जायसवाल, जीतू, साहिल कैवर्त, दीपक यादव, संदीप यादव, पुष्पेंद्र जायसवाल, खगेंद्र जायसवाल, दीपेश दुबे, रवि श्याम, यशु कैवर्थ, प्रेम सिंह, भगवान सिंह, अर्चित राठौर, श्याम लाल राठौर, प्रेम राठौर, मुकेश राठौर, शौर्य जायसवाल एवं अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 3 का शेष

### बंजारी के आदर्श कालेज...

एजेंसी पीडब्ल्यूडी के द्वारा टेंडर जारी कर इसके निर्माण की शुरुआत की गई। तब से लेकर वर्ष 2025 तक 7 साल में कालेज का भवन और हॉस्टल तैयार हो सका किंतु कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग से लेकर कालेज भवन तक पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं होने से कालेज प्रबंधन ने हैंडओवर लेने से इंकार कर दिया और पहुंच मार्ग निर्माण के लिए राज्य शासन के साथ साथ जिला प्रशासन को भी इसके लिए पत्र प्रेषित किया। पूर्व में यह प्रयास था कि जिस तरह से भवन निर्माण के लिए राज्य शासन की ओर से 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है उसी तर्ज पर पहुंच मार्ग निर्माण के लिए भी शासन की ओर से राशि मिलेगी किंतु ऐसा ना होने पर जिला प्रशासन को डीएमएफ की राशि से कालेज भवन तक पहुंच निर्माण के लिए निर्णय लेना पड़ा और 1 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी।

## निधन

### अजीज खान

**चैतमा।** ग्राम चैतमा के वरिष्ठ नागरिक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता व समाज सेवी अजीज खान का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मुस्लिम कब्रिस्तान चैतमा में दोपहर 3 बजे किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार परिजन एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे।



## शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों के द्वारा मनाया गया गणतंत्र दिवस

# ध्वजारोहण के साथ आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी चौक कोरबा में राष्ट्रीय पर्व को बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्पहार पहनाकर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया तत्पश्चात समारोह के मुख्य अतिथि एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का संदेश का वाचन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के ही दिन हमारे संविधान को अंगीकार किया गया था। हमारा यह संविधान भारत के नागरिकों को समता, समानता, न्यायऔर स्वतंत्रता का अधिकार देता है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि यह दिन हमें हमारे देश के नवनिर्माण में महापुरूषों के योगदान की याद दिलाता है जिन्होंने हमें एक स्वतंत्र और समृद्ध देश दिया है। जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी के बाद भारत को प्रजातांत्रिक गणराज्य बनाना कांग्रेस का संकल्प था जिसके लिए सविंधान सभा की स्थापना की गई और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में सविंधान का निर्माण हुआ। समारोह के दौरान सुरेश सहगल, सत्येन्द्र वासन, विकास सिंह, रेखा त्रिपाठी, कुसुम द्विवेदी, राकेश पंकज, पालुराम साहु, संतोष राठौर, मनीष शर्मा, ए डी जोशी, अश्वनी पटेल, प्रदीप जायसवाल, शांता मंडावे, जे पी नामदेव, गिरधारी बरेठ, रवि खुंटे, रमेश वर्मा, कुंजबिहारी साहु, बच्चु मखवानी, बनवारी पाहुजा ने भी अपने विचार रखे।



### जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर कोरबा में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात अपने संबोधन में प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष शर्मा ने सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ता संघ को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान की गरिमा, न्यायिक मूल्यों और कर्तव्य निष्ठा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ महत्वपूर्ण दायित्व भी प्रदान करता है। उन्होंने न्यायिक जगत से जुड़े सभी पक्षों से आह्वान किया कि न्याय व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, सशक्त और जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने समय पर न्याय और आम जनमानस के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने पर बल दिया।

### आर्यन पब्लिक स्कूल में फहराया गया ध्वजारोहण



आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार गेवरा बस्ती एवं झाबर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार ब्रांच में ध्वजारोहण संस्था के संस्थापक सदस्य सेवानिवृत्त फारेस्ट आफिसर कृष्णमनी दुबे के द्वारा किया गया। झाबर ब्रांच में सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक एवं भाजपा के जिला मंत्री अजय कुमार दुबे ने ध्वजारोहण किया। जबकि गेवरा बस्ती ब्रांच में उर्जा महिला मंडल की श्रीमती सतिंदर कौर, श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती मिनी मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह सेवा प्रमुख श्रीमती मंजू अजय दुबे, श्रीमती श्रद्धा राजभर, श्रीमती वेलिया चंद्रा, श्रीमती रेणु चक्रवर्ती, श्रीमती सीमा कटकवार, श्रीमती गोदावरी देवांगन, श्रीमती रेवती यादव, यशोदा पाटले, आभा तिवारी, संभावी जायसवाल, लक्ष्मी पटेल, रोशनी टंडन, ओम राठौर, स्वागत नायक उपस्थित रहे।

### कोहड़िया स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



कोड़ियाघाट स्थित सरकारी विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह ने इस अवसर पर ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। देशभक्ति की भावना से लबरेज सांस्कृतिक प्रस्तुति भी उनकी ओर से दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष लखन सिंह कंवर प्रधानपाठक सुरेंद्र कुमार कंवर, वीर सिंह कंवर, निर्मल सिंह कंवर, श्रीमती केंवट, चंचल पांडेय आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया।

### गणतंत्र दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम




गणतंत्र दिवस के अवसर पर चैतमा एवं आसपास के शासकीय व अर्द्धशासकीय स्कूलों में तिरंगा फहराया गया। शासकीय एवं अर्द्धशासकीय भवनों में ध्वजारोहण संस्था प्रमुखों द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर कविता, गीत, भाषण आदि प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं अन्य महापुरुषों की चलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा रिकॉर्डिंग डांस, नाटक, महिला सशक्तिकरण आदि का आयोजन किया गया।

### रजगामार में मना गणतंत्र दिवस

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस का आयोजन भव्य एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण वातावरण के मुख्य अतिथि योगेश गोयल एवं अध्यक्ष श्री सुनील कुमार शर्मा (खान प्रबंधक 6/7 ), विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश सिंह, सूर्यकुमार पांडेय समन्वयक सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा, व शुभ अग्रवाल के आतिथ्य से विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण ,राष्ट्रगान एवं मां सरस्वती ब्रह्मांड का प्रतीक ओम व भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सत्र में विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत, ओजस्वी भाषण व भावपूर्ण कविता सुमधुर तमिल, गुजराती, बस्तरिया व लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की भाषा अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं रंगमंचीय कौशल ने उपस्थित जन समूहों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### कल्चुरी पब्लिक स्कूल में मना 77वाँ गणतंत्र दिवस



कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश हाइयर सेकेंडरी स्कूल झाबर दीपका में गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी किया और भारत माता की जय जय कार से समस्त ग्राम वासी उत्साहित हो गए। इसके पश्चात विद्यालय के संचालक भौनेंद्र डहरवाल, प्राचार्या प्रतिभा यादव और समस्त अतिथियों ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दिया। इसी बीच दीपका नगर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के विषय में संबोधित करते हुए बताया कि यदि शिक्षा और संस्कार साथ मिल जाए तो व्यक्ति का हर सपना पूरा हो जाता है, जिसका परिणाम ये कल्चुरी विद्यालय है। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान टीम चरक के सदस्य सत्य प्रकाश मिश्रा ने आध्यात्मिक और धार्मिक शिक्षा देते हुए आम्र पत्र से बने तोरण का महत्व बताया। इसके साथ ही मुख्य अतिथियों में आरडी प्रसाद, श्रीमती सुलखन डहरवाल और राहुल उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में मना 77वाँ गणतंत्र दिवस



सरस्वती शिशु मंदिर में 77वाँ गणतंत्र मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता धनंजय सिंह अध्यक्ष हसदेव शिक्षण समिति ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बद्रीप्रसाद स्वर्णकार, नवल किशोर शुक्ला और चंदूलाल राठौर उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के छात्र छात्र छात्राओं ने परेड के माध्यम से अतिथियों को सलामी दी, जो समारोह की गरिमा को और बढ़ा रही थी। तत्पश्चात अतिथियों ने माता सरस्वती, ओम और भारत माता के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और उच्चतर विभाग के छात्रों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएं, मनमोहक नृत्य और नारी सशक्तिकरण पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति की भावना, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक सुंदरता स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

### कॉलेज चौक हरदीबाजार में किया गया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के तत्वाधान में ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास के अगुवाई कॉलेज चौक में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ जयकारा बोल लगाकर प्रसाद वितरण किया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा महात्मा गांधी मां सरस्वती एवं वीर शहीदों को याद करते हुए पूजा कर फूल एवं तिलक लगाकर जयकारा के साथ कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदनलाल राठौर, रामशरण कंवर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा कंवर, पूर्व जनपद सदस्य कांति मधुकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रहास राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश अहीर, कन्हैया राठौर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत छिन्दपुर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



आदर्श ग्राम छिन्दपुर में प्रत्येक वर्ष के भांति सर्वप्रथम पंचायत भवन, प्राइमरी स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी में पूजा अर्चना राष्ट्रगान कर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात छात्रा छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें सभी को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एसयूवी विश्वनाथ राठौर, एसएमडीसी अध्यक्ष हुलेश राठौर, सरपंच पति प्रताप सिंह कंवर, विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर, गोपाल राठौर, रामचंद्र राठौर, देवसिंह राठौर, प्यारेलाल राठौर, शंकर यादव, लकेश्वर साहू, प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा, कृष्ण कुमार राठौर, उसमेर सिंह राठौर, शंकर यादव, उपसरपंच रामरतन कैवर्त, शैलेन्द्र राठौर, गजानंद राठौर, स्वाति राठौर, सागर टंडन, काटले, कश्यप, उमाशंकर पाटले, पंकज श्रीवास, सुरेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहें।

### बीएनजी पब्लिक स्कूल हरदीबाजार में मना गणतंत्र दिवस



बीएनजी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी बाजार में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम देश के वीर शहीदों को याद करते हुए पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। उसके पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष मनोहर लाल गुरुद्वान, संस्था प्रमुख रमाकांत गुरुद्वान, प्रचार्य आशीष राठौर, सुरेंद्र राठौर, प्रधान पाठक मनमोहन खांडे, अनिता पाटकर, ज्योति नामदेव, प्राची गुरुद्वान, रश्मी गुरुद्वान के अलावा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं के द्वारा वीर शहीदों की वेशभूषा पहने हुए बहुत ही आकर्षक लग रहे थे।

## जिला संगठन प्रभारी ने भाजपा मंडल कटघोरा कमेटी की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



भारतीय जनता पार्टी मंडल कटघोरा के पदाधिकारियों एवं सदस्यो की एक आवश्यक व संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी, जिला संगठन सह प्रभारी बृजेश शुक्ला जिला महामंत्री संजय शर्मा की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई।

बैठक की शुरुआत भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग के स्वागत उद्बोधन से हुई अपने उद्बोधन में उन्होंने जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी एवं सह प्रभारी बृजेश शुक्ला का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। श्री गर्ग ने कहा कि संगठन प्रभारी का मार्गदर्शन मंडल के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके अनुभव से संगठन को नई दिशा व ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने मंडल कटघोरा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा और जनकल्याण का संकल्प है उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया। वहीं जिला संगठन सह प्रभारी बृजेश शुक्ला ने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं के समर्पण, आपसी समन्वय एवं निरंतर संवाद पर निर्भर करती है उन्होंने पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करने तथा पार्टी की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि सशक्त संगठन ही आने वाले समय में पार्टी की सफलता की नींव बनेगा। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, कार्ययोजना, बूथ प्रबंधन एवं सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, महामंत्री समंजित सिंह, डेक्रान्त देवांगन, अजय धनोंदिया, अविनाश केशरवानी, बैसाखू यादव, उत्तरा चौहान, स्नेहलता पटेल, कौशिल्या कंवर, सुशीला बिंझवार उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री समंजित सिंह व आभार अविनाश केशरवानी के द्वारा किया गया।

## कांग्रेसियों ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गांधी चौक एवं जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि कार्यक्र में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। इस मौके पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि मोहनदास करमचंद गांधी एक ऐसा नाम जो दुनिया भर में अपने दृढ़ निश्चय, सत्य के लिये अटल-अडिग और अहिंसा के रास्ते पर चलकर विजय हासिल करने के लिए जाने जाते हैं। उनके जीवन में कई उतार चढ़ाव आए, स्कूल में औसत विद्यार्थी होने के बावजूद उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। वे असाधारण बुद्धि और सिद्धांतों वाले आदमी थे। पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन और शिक्षाएं सभी उम्र के लोगों, विशेषकर स्कूली छात्रों को प्रेरित करती है। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि महात्मा गांधी सभी धर्मों के लिये सम्मान का रवैय्या और उनकी अच्छी बातों को समझने की इच्छा उनके दिमाग में प्रारंभिक जीवन में घर कर गई थी। महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के व्यक्तित्व के नैतिक प्रभाव और अहिंसा की तकनीक की तुलन नही की जा सकती और ना ही इसकी किम्मत किसी देश या पीढ़ी तक सिमित है यह मानवता के लिये उनका अविनाशी उपहार है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहु, ए डी जोशी, बसंत चंद्रा, अजा. प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण कुर्रे, पुष्पा पात्रे, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष गजानंद साहु, अजजा युवा कांग्रेस प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय कंवर, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, प्रदीप जायसवाल, सुकसागर निर्मलकर, रोपा तिर्की, अश्वनी पटेल, बुद्धेश्वर चौहान, पार्षद रवि सिंह चंदेल, अनुज जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## अभिभावक सम्मेलन में परीक्षा परिणाम की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षण सत्र 2025-26 के अंतिम पालक अभिभावक सम्मेलन में तिमाही और छमाही परीक्षाओं के परिणाम की समीक्षा करने के साथ दोनों वर्ग में आपसी समन्वय स्थापित कर छात्रों के सर्वांगीण विकास की रुपरेखा तय की गई। सम्मेलन की शुरुआत में बच्चों द्वारा हस्त निर्मित आमंत्रण पत्र से पालक को निमंत्रित किया गया। सम्मेलन के पहले चरण में अभिभावकों को बच्चों की तिमाही, अर्धवार्षिक तथा प्री बोर्ड की मूल्यांकन कॉपी दिखाई गई। प्राथमिक माध्यमिक एवं हाय हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक अपने बच्चों के विषय के संबंध में अभिभावकों को जानकारी मिलने के बाद उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अनुपमा राजवाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुर्सी दौड़, रास्सा खींच, मटका फोड़ आदि खेलकूद के माध्यम से सहभागिता ली गई एवं विजेता अभिभावकों को पुरस्कृत भी किया गया।

## सुन्नी मुस्लिम जमात कोरबा पंजीयन को मिली वैधता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सुन्नी मुस्लिम जमात के नाम को लेकर पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा भ्रम अब समाप्त हो गया है। जिले में सुन्नी मुस्लिम जमात के नाम से किए गए दो अलग-अलग पंजीयनों को लेकर समाज में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। इस मामले में सुन्नी मुस्लिम जमात पंजीयन क्रमांक 24875 एवं सुन्नी मुस्लिम जमात पंजीयन क्रमांक 122202159041 के बीच वैधता को लेकर फर्म्स एंड सोसायटी तथा माननीय उच्च न्यायालय में मामला विचाराधीन था। लंबी सुनवाई के बाद माननीय न्यायालय द्वारा 4 जुलाई 2025 को आदेश पारित किया गया, जिसमें सुन्नी मुस्लिम जमात पंजीयन क्रमांक 24875 को वैध करार दिया गया है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इस जमात के वर्तमान अध्यक्ष हाजी अख़लाक़ खान असरफी हैं। वहीं सुन्नी मुस्लिम जमात पंजीयन क्रमांक 122202159041 को न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है।

### शपथ पत्र

मैं श्रीमती सरोज कश्यप, उम्र लगभग 46 वर्ष, पति श्री नवीन कुमार कश्यप, निवासी- क्वा.न. 226-228/3/2ए बालको नगर कोरबा तहसील व जिला-कोरबा, (छ.ग.) का होकर निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

1. यह कि, मै उक्त पते पर निवासरत हूं। मेरा आधार नंबर 4903 4691 0027 है। 2. यह कि, मेरे द्वारा BAJAJ ALLIANZ से एक पॉलिसी क्रय की हूं जिसका पॉलिसी 0000402648 है। तथा उक्त पॉलिसी को मेरे पिता जी के द्वारा विवाह के पूर्व किया था तथा मेरा विवाह नवीन कुमार कश्यप के साथ सम्पन्न हुआ है तथा मै विवाह उपरांत सरोज कश्यप के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं। 3. यह कि, उक्त पॉलिसी मेरा नाम सरोज राम प्रसाद कश्यप (SAROJ RAM PRASAD KASHYAP) दर्ज है। 4. यह कि, मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं अन्य दस्तावेजो मेरा नाम सरोज कश्यप है जो कि सत्य एवं सही है। 5. यह कि, सरोज कश्यप, व सरोज राम कुमार कश्यप दोनो नाम एक ही महिला का नाम है अर्थात मेरा ही नाम है। 6. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे उपरोक्त कथनो के समर्थन मे निष्पादित किया गया है जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
श्रीमती सरोज कश्यप

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 खराब मोटर बोट दुरुस्त, बुका पर्यटन केंद्र फिर हुआ गुलजार



## खबर संक्षेप

### संपूर्णता अभियान का शुभारंभ आज

**कोरबा।** भारत सरकार, नीति आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जिले में आकांक्षी जिला/विकासखण्ड कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संपूर्णता अभियान 2.0 की शुरुआत की जा रही है। इस संबंध में 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में तथा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता एवं विधायकों सहित अन्य अतिथियों के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### भैसमा और कोहड़िया में आधार अपडेशन शिविर आज

**कोरबा।** भारतीय डाक विभाग के द्वारा आधार अपडेशन शिविर का आयोजन 31 जनवरी को किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा जिले में भैसमा तहसील के आंगनबाड़ी केंद्र करमंदी में और आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 16 कोहड़िया में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में आम नागरिक नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं। पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार कार्य जैसे पता, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, नाम, ई-मेल, अपडेट के कार्य किए जाएंगे। बच्चों के 5 से 15 वर्ष की आयु वाले बच्चों के बायोमैट्रिक अपडेशन अति आवश्यक किया गया है। निःशुल्क बायोमैट्रिक अपडेशन कार्य किए जाएंगे।

### केंवट समाज का परिचय सम्मेलन कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज का परिचय सम्मेलन एवं निषादराज जयंती कार्यक्रम 1 फरवरी को सुबह 9 बजे से बुधवारी बाजार स्थित समाज के केंवट भवन में किया जाएगा। सम्मेलन में युवक युवती व विधुर विधवा परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु राम निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष करेंगे।

### यूथ हॉस्टल एसोसिएशन का ट्रैकिंग कार्यक्रम कल

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की कोरबा यूनिट साहसिक और रोमांचक गतिविधियों के अंतर्गत 1 फरवरी को ट्रैकिंग कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पसरखेत के नजदीक राजकनहान नदी और उसके आसपास के क्षेत्र को इसके लिए चुना गया है। संगठन की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष ने बताया कि 100 सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। ट्रैकिंग गतिविधियों के साथ मनोरंजन के विकल्प भी यहां पर दिए गए हैं। सामान्य ज्ञान, क्विज, सिंगिंग और परिचयात्मक सत्र इसमें खास होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और चुनौतियों के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। संगठन के संरक्षक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी थर्मल पावर प्लांट कोरबा ईस्ट के मुख्य अभियंता संजीव कंसल इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार का आयोजन 1 को

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय दुकान क्रमांक 10, 11 महानदी कांपलेक्स निहारिका में 1 फरवरी को अति शुभ रवि पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा।

# लागू हो गई जमीन की नई दरें, शहर की जमीन हुई सौ प्रतिशत महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दो माह पूर्व राज्य शासन के द्वारा पूरे प्रदेश में जमीन की नई दरें लागू की थी। जिसका पुरजोर विरोध होने के कारण राज्य शासन ने इसे वापस लिया और दो माह बाद इसे संशोधित करते हुए प्रदेश के मात्र दो जिले राजधानी रायपुर और कोरबा मे लागू किया गया है जो शुक्रवार से लागू कर दी गई है। इस नई दरों में कोरबा शहर की जमीन औसतन सौ प्रतिशत महंगी हुई वहीं अजगरबहार तहसील की जमीन 121 प्रतिशत महंगी होने की जानकारी सामने आयी है।

जमीन की नई दरें लागू होने को लेकर पूरे प्रदेश भर में दो माह से कवायद चल रही थी। बीते वर्ष 20 नवंबर 2025 को राज्य शासन के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में जमीन की नई दरें लागू की थी जिसमें शहर और ग्रामीण अंचलों की जमीनों की दरें अलग अलग थी। इसमें भी शहर के अलग अलग हिस्सों के जमीनों की दर अलग अलग निर्धारित थी। इस नई दरों से जमीनों की कीमत कई क्षेत्रों में 3 से 5 गुना तक बढ़ गई थी। इस वर्ष 30 जनवरी को राज्य शासन ने नई दरें जमीन की लागू की जो सिर्फ कोरबा और रायपुर में ही लागू रहेंगी। इन नई दरों में विभागीय अधिकारियों के अनुसार जो संशोधन किया गया है उसके अनुसार इस नए दर में जमीन की कीमत प्रतिशत में बढ़ाई गई है। इसमें अकेले कोरबा शहर जिसमें नगर निगम का क्षेत्र आता है उसके सभी क्षेत्रों में जमीन की कीमत अलग अलग प्रतिशत में बढ़ाई गई है। पूरे शहर में 1 से 100 प्रतिशत तक जमीन की कीमत में इजाफा हुआ है। कोरबा तहसील के अलावा अजगरबहार तहसील में जमीन की कीमत 121 प्रतिशत बढ़ी है। इसी तरह कटघोरा, पाली, करतला, हरदीबाजार, दीपका, भैसमा, पसान, पोड़ी उपरोड़ा, दर्री तहसील में जमीन की कीमत के लिए अलग अलग दरें निर्धारित हुई हैं। कोरबा तहसील और अजगरबहार तहसील की जमीन की कीमत बीते वर्ष की तुलना में ज्यादा महंगी हुई है।

## शुक्रवार से राज्य शासन ने रायपुर के साथ कोरबा में लागू की नई दरें

### खास बातें

- अजगरबहार सर्किल की जमीन की कीमत जिले में सबसे अधिक 121 प्रतिशत बढ़ी



### महंगी होगी रजिस्ट्री

जमीन की दर बढ़ने से जमीन की रजिस्ट्री भी बढ़ेगी। पंजीयन शुल्क जितना पूर्व में लिया जाता था उतना ही लिया जाएगा लेकिन जमीन की कीमत के आधार पर पंजीयन शुल्क लिया जाएगा। जिस क्षेत्र की जमीन की कीमत जितनी अधिक होगी उसका पंजीयन शुल्क उतना ही अधिक होगा। 30 जनवरी के पूर्व तक पुरानी दरों से ही जमीन का पंजीयन हो रहा था। नई दरें लागू होने से बीते एक साल से दस्तावेज पंजीयन में होने वाली क्षति को भी पूरा कर दिया जाएगा।

## बीते 2 वर्ष से लक्ष्य को नहीं पार कर पा रही थी धान खरीदी

# लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी धान खरीदी 27.38 लाख क्विंटल तक पहुंचा आंकड़ा

### कई तरह के नियम निर्देश खरीदी में पैदा किए गतिरोध



खरीदी केंद्र में रखे गए धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी का आंकड़ा लक्ष्य तक नहीं पहुंच सका है। 30 लाख क्विंटल लक्ष्य को लेकर ढाई माह तक चली धान खरीदी में 30 जनवरी की देर शाम तक खरीदी का आंकड़ा 27 लाख 38 हजार 120 क्विंटल तक ही दर्ज किया गया है। सभी 65 उपार्जन केंद्रों में 15 नवंबर से खरीदी शुरु हो गई थी। बीते वर्ष 29 लाख क्विंटल के लगभग धान की खरीदी दर्ज की गई थी।

धान खरीदी को लेकर राज्य शासन के द्वारा जारी किए जा रहे नए दिशा निर्देश के पेंच में खरीदी ऐसी उलझी कि इसका आंकड़ा लक्ष्य तक ही नहीं पहुंच सका। 30 लाख क्विंटल का लक्ष्य जिले को इस बार दिया गया था। बीते वर्ष भी यही लक्ष्य था और लगातार दो वर्ष खरीदी के लक्ष्य तक नहीं पहुंचने के पीछे खरीदी को लेकर लगाए गए नियम कानून को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। 15 नवंबर से खरीदी की शुरुआत हुई थी और खरीदी के शुरुआत से ही ऑनलाइन टोकन काटने की सुविधा भी किसानों को मिल गई थी। लिहाजा टोकन काटने की तकनीकी दिक्कत किसानों को तो नहीं हुई किंतु टोकन काटने के बाद लिमिट नहीं बढ़ने के कारण किसान धान बेचने से वंचित हो जा रहे थे। एक माह बाद खरीदी की लिमिट बढ़ाई गई तब किसानों के धान बिक सके। सभी 65 उपार्जन केंद्रों में धान की आवक दिसंबर महीने से बढ़ी थी और उसी समय ही खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ी थी। इससे किसानों में आक्रोश फैल गया था। जब किसानों का आक्रोश सरकार तक पहुंचा तब खरीदी के डेढ़ माह के बाद लिमिट बढ़ाई गई।

### एग्रोटेक पोर्टल बना परेशानी का कारण

धान बेचने के लिए इस वर्ष से राज्य शासन के द्वारा एग्रोटेक पोर्टल लाया गया था। धान बेचने के लिए किसानों को अपने क्षेत्र की सहकारी समितियों में पंजीयन कराने के पहले एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया था। इस एग्रोटेक पोर्टल में जमीनों के रिकार्ड के आधार पर पंजीयन किया जा रहा था। पूर्व में एक ही खसरे का पंजीयन कराने के निर्देश थे बाद में सभी खसरे का पंजीयन कराने के निर्देश जारी किए जाने के बाद किसानों को अपने सभी खसरे का पंजीयन कराने किसानों को फिर से एग्रोटेक पोर्टल की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इससे भी किसानों को धान बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

### पंजीयन बढ़ने के बाद भी खरीदी नहीं बढ़ी

बीते वर्ष की धान खरीदी में 49 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। इस वर्ष 52 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। बताया जाता है कि पंजीकृत किसानों ने अंतिम तिथि तक धान नहीं बेच सके हैं। 15 सौ किसान ऐसे बचे हैं जो धान बेचने से वंचित रह गए हैं। ऐसे कई तकनीकी कारणों की वजह से किसानों का पंजीयन अधिक संख्या में होने के बाद भी खरीदी उस हिसाब से किसानों से नहीं हो सकी है।

### गिरदावरी में भी घट गया रकबा

धान खरीदी के पूर्व प्रतिवर्ष राजस्व व कृषि विभाग के द्वारा संयुक्त रुप से खेतों में जाकर गिरदावरी की जाती है जिसमें यह देखा जाता है कि किस किसान के किस खेत में कौन सी फसल ली जा रही है और उस रिपोर्ट के आधार पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदा जाता है लेकिन गिरदावरी के दौरान कई किसानों का रकबा ही घटा दिया गया। धान उत्पादन करने की खसरे की जमीन को पड़त जमीन बता दिए जाने से किसान उस जमीन का धान ही नहीं बेच सके।

# दो ट्रेलर की टक्कर केबिन में फंसा चालक



रेस्क्यू कर चालक को बाहर निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरुवार देर रात राताखार मुख्यमार्ग पर दो तेज रफ्तार ट्रेलर वाहनों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि एक्सीडेंट के बाद एक ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में ही बुरी तरह फंस गया। टक्कर के बाद फंसे ड्राइवर को निकालने के लिए राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद शुरू की। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला गया और उपचार के लिए तत्काल स्थानीय अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद राताखार मुख्यमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी जिससे कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गई थी। सूचना मिलते ही 112 डायल टीम व कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसा दोनों ट्रेलरों की तेज रफ्तार के कारण हुआ। एक ट्रेलर कुसमुंडा से कोरबा जा रहा था और दूसरा कोरबा से गेवरा आ रही थी। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई है।

### सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में परिणय सूत्र में बंधेंगे 31 गरीब कन्याएं

**कोरबा।** माँ सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में 31 गरीब कन्याएं फिर से परिणय सूत्र में बधेंगे। माँ सर्वमंगला देवी मंदिर राजपुरोहित नमन पाण्डेय ने बताया कि माता रानी की असीम कृपा से मंदिर परिसर में 31 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए तैयारी प्रारंभ कर दी गई है और शीघ्र ही तिथि की घोषणा की जाएगी। श्री पाण्डेय ने बताया कि इस तरह का रचनात्मक और मानवीय प्रयास माता रानी की कृपा से ही संभव हो रहा है। यह आयोजन दूसरी बार हो रहा है। पहली बार 2 मार्च 2024 को सामूहिक नमः विवाह का आयोजन किया गया था।

# भाकपा व एनएफआई ने मासिक राशन में चने की आपूर्ति को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं महिला संगठन एनएफआई डब्लू के प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मुलाकात कर मासिक राशन में चने की आपूर्ति के संबंध में जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले में मासिक राशन में चने की आपूर्ति किये जाने की मांग का अभी तक निराकरण नहीं हुआ है, यह समस्या अभी भी बनी हुई है। गरीब नागरिकों से प्राप्त सूचनानुसार अगस्त 2025 से नवंबर 2025 तक 4 माह का चना वितरण नहीं किया गया है। दिसंबर 2025 का चना वितरण प्रारंभ हुआ वह भी आधे अधूरे लोगों को मिला है। जनवरी 2026 का चना वितरण में अनियमितता बना हुआ है। अगस्त 2025 से गरीब जनता के शासकीय राशन वितरण में थाली से चार माह का चना गायब हो गया। यदि किसी के द्वारा चना वितरण प्रणाली में गड़बड़ी की गई है तो उसके ऊपर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने अगस्त 2025 से चने की आपूर्ति सामान्य करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में पवन कुमार वर्मा, विजयलक्ष्मी चौहान, मीना यादव, हेमा चौहान, केवरा यादव, मधुबाला जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# बंजारी के आदर्श कालेज तक बनेगी सड़क, डीएमएफ से मिली राशि



बंजारी में बना आदर्श महाविद्यालय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला ब्लॉक के ग्राम बंजारी में केंद्र सरकार के द्वारा स्वीकृत किए गए आदर्श आवासीय महाविद्यालय तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए डीएमएफ से 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से कोरबा चांपा मुख्य मार्ग से लेकर महाविद्यालय तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा। पहुंच मार्ग के निर्माण नहीं होने से महाविद्यालय भवन कालेज प्रबंधन को हैंडओवर नहीं किया जा सका था।

बंजारी में आदर्श आवासीय महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने के बाद उसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को इसकी एजेंसी बनाई गई थी। 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने के बाद वर्ष 2018 में निर्माण ⏭ शेष पेज 2 पर

### 4 साल पीजी कालेज में लगी कक्षाएं

आदर्श महाविद्यालय की स्वीकृति के बाद इसके भवन निर्माण होने तक इस कालेज की कक्षाएं पीजी कालेज के भवन में लगाई जाती रही। कालेज में अध्यापन का कार्य भी पीजी कालेज के प्राध्यापकों के द्वारा ही कराया जा रहा था। हालांकि बाद में राज्य शासन की ओर से जनभागीदारी समिति के माध्यम से प्राध्यापकों की भर्ती कराई गई तब जाकर महाविद्यालय की पढ़ाई व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित होती रही। वर्तमान में आदर्श आवासीय महाविद्यालय की कक्षाएं बरपाली महाविद्यालय के भवन में लगाई जा रही है।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कोतवाली के समीप कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

# मनरेगा बचाव व धान खरीदी तिथि बढ़ाने को लेकर कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के दिन कोतवाली के पास कांग्रेसजनों ने मनरेगा बचाओ संग्राम और धान खरीदी की तारीख बढ़ाने को लेकर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार मनरेगा को कमजोर करने में लगी है। मनरेगा में पहले हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, लेकिन अब कानूनी गारंटी नहीं है। श्री राठौर ने कहा कि मनरेगा में पहले पूरे साल भर काम की गारंटी थी लेकिन अब फसल के मौसम में मनरेगा का काम बंद रहेगा।

पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने केन्द्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों को कमजोर बनाने की योजना पर काम करती है। जिस प्रकार तीन काले कानून किसानों को कमजोर बनाने के लिए लाया गया था उसी प्रकार व्ही बी जी राम जी मजूदरों और गरीबो को कमजोर बनाने का काम करेगा। श्री प्रसाद ने बताया कि मनरेगा में पहले पूरा का पूरा भुगतान केन्द्र सरकार के द्वारा किया जाता था, लेकिन अब 40 प्रतिशत भुगतान राज्य सरकार को देना होगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि सुरेश सहगल, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद प्रसाद साहू, अजा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पार्षद नारायण लाल कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहु, कुसमुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, बालको ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडी जोशी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, दुष्यंत शर्मा, पार्षद रवि चंदेल, डॉ.रामगोपाल कुर्रे, अनुज जायसवाल, सुभाष राठौर, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, बुद्धेश्वर चौहान, कु. शांता मंडावे, सुनीता तिग्गा, सीमा उपाध्याय, शशि अग्रवाल, पुष्पा पात्रे, दुर्गा सिंह, सुभद्रा सिंह, रजनी श्रीवास, हराबाई कुर्रे, आकाश प्रजापति, निजामुद्दीन सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने नशामुक्ति का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की पुन्यतिथि के अवसर पर नशामुक्ति का संकल्प लिया तथा शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किया। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने साकेत भवन परिसर में अधिकारी कर्मचारियों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने नशामुक्ति का संकल्प लेते हुए कहा कि हमें ज्ञात है कि नशापान से मानसिक असंतुलन की स्थिति बनती है और आत्मविश्वास कम हो जाता है, नशापान से कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है, जिससे जीवन में भटकाव की स्थिति निर्मित होती है। नशापान से शारीरिक एवं मानसिक गभीर व्याधियां होती है, जिससे असमय मृत्यु हो सकती है। नशापान से सामाजिक प्रतिष्ठा कम होती है, तथा समाज से प्रायः उपेक्षा मिलती है, जिससे जीवन कष्ट प्रद हो जाता है। नशापान से पारिवारिक सुख एवं समृद्धि का अंत होता है, जिससे मनुष्य विचलित होकर संकटमय जीवन व्यतीत करता है।

## खबर संक्षेप

### भवदीप कुमार दुबे बने बिलासपुर संभाग अध्यक्ष



**कोरबा।** शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने भवदीप कुमार दुबे को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए संभाग अध्यक्ष बिलासपुर के पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि भवदीप दुबे के द्वारा जिले को सशक्त बनाया गया है। जिले के शिक्षकीय समस्या निवारण के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया गया, जिसे आगे बढ़ाने हुए संभाग स्तर पर कार्य करने की जवाबदारी उन्हें प्रदान की गई है। प्रांतीय पदाधिकारी रामचरण साहू एवं जिला अध्यक्ष वेदव्रत शर्मा द्वारा भवदीप दुबे को बधाई देते हुए उनके मार्गदर्शन में आगे भी शिक्षक हितार्थ में कार्य करने की बात कही है। भवदीप कुमार दुबे को संभाग अध्यक्ष बिलासपुर बनाए जाने पर शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों शमीम खान, प्यारेलाल कंवर, सुभाष चंद्र कश्यप, शशि राठौर, सुमन चौबे, सूर्यभूषण पैकरा, त्रिभुवन सिंह मरावी, खगेन्द्र कौशिक, प्रकाश चंद्र निषाद, ब्लाक अध्यक्ष दौलतराम एवं समस्त सदस्य कटघोरा ब्लाक में हर्ष व्याप्त है।

### पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 10 फरवरी तक

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पाली महोत्सव में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी तक आमंत्रित की गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब प्रविष्टि 10 फरवरी सायं 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में आमंत्रित की गई है।

### चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस 15 फरवरी को

**कोरबा।** जिले में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 15 और 16 फरवरी को दो दिवसीय पाली महोत्सव का भव्य आयोजन ग्राम केराझरिया, पाली के महोत्सव ग्राउंड में किया जा रहा है। स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महोत्सव के पहले दिन, 15 फरवरी को पाली चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह रेस पाली से शुरू होकर चैतुरगढ़ तक संपन्न होगी, जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार रुपये, द्वितीय स्थान हेतु 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान के लिए 10 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त चौथे और पांचवें स्थान पर आने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 1,100 रुपये तथा अगले दो प्रतिभागियों को सांत्वना नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने मोतियाबिंद रोगियों के त्वरित चिन्हांकन के दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) के अंतर्गत मोतियाबिंद सर्जरी हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। समाज कल्याण संचालनालय रायपुर के संदर्भ में जारी इस निर्देश के तहत जिले के ऐसे वरिष्ठ जन जो मोतियाबिंद की समस्या से ग्रसित हैं, उनकी पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।
कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिले के समस्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आर.एच.ओ. महिला व पुरुष, मितानिन और विभागीय अमले के माध्यम से अपने क्षेत्रों में मोतियाबिंद पीड़ति बुजुर्गों का सर्वे कर उनका चिन्हांकन सुनिश्चित करें।

# खराब मोटर बोट दुरुस्त, बुका पर्यटन केंद्र फिर हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बुका पर्यटन केंद्र जहां बांगो डूबान का पानी और हरेभरे वादियों के बीच मोटर बोट से सैर सपाटा जो प्रकृति का अद्भुत आनंद होता है लेकिन पिछले कुछ महीनों से वन विभाग के ज्यादातर मोटर वोट खराब हो गए थे। वन विभाग ने एक्सपर्ट की टीम को बुलाकर सभी मोटर बोट को दुरुस्त कर लिया है और अब सभी मोटर बोट बांगो डूबान में सैर सपाटे के लिए उतारा जा चुका है और पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचकर इस मोटर बोट का आनंद ले रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाला बुका पर्यटन केंद्र जहां शरद ऋतु में शनिवार और रविवार को हजारों की तादात में पर्यटक पहुंचते हैं इस साल शरद ऋतु के शुरुआती दौर में बुका पर्यटन केंद्र के ज्यादातर मोटर बोट किसी न किसी वजह से खराब हो गए थे मात्र एक वोट के सहारे ही काम चल रहा था। कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी मोटर बोट को दुरुस्त करने की दिशा पहल की और बनारस व अन्य प्रदेशों से एक्सपर्ट की टीम को बुका पर्यटन केंद्र बुलाया जहां एक्सपर्ट की टीम ने कड़ी मेहनत कर खराब पड़े मोटर बोट को दुरुस्त कर दिया है। अब यह मोटर बोट पर्यटकों के लिए बांगो डूबान के बुका पर्यटन केंद्र में उतर चुका है जहां दूर दराज से पहुंचने वाले पर्यटक इन दिनों बुका में हरे भरे वादियों के बीच पर्यटन का भरपूर मजा ले रहे हैं।

### पर्यटकों को मिलेगा नौका विहार का आनंद



#### डबलडेकर बोट की नहीं मिली सौगात

कोरबा व कटघोरा वन मंडल के प्रमुख पर्यटन केंद्र में बुका और सतरेंगा पर्यटन केंद्र है जहां नीले नीले पानी के बीच हरे भरे वादियों के नजरों को देखने के लिए हर साल हजारों की तादात में पर्यटक पहुंचते हैं लेकिन इन दोनों पर्यटन केंद्र में जिला प्रशासन व वन विभाग द्वारा डबलडेकर बोट चलाने की दिशा पर कई बार पहल की गई लेकिन अब तक डबल डेकर बोट की सौगात जिलेवासियों को नहीं मिल पाई है। दो साल पूर्व सतरेंगा को सजाने संवारने का बीड़ा शासन ने उठाया था और जमकर काम भी किया। लाखों की लागत से फ्लोटिंग बोट भी तैयार किए गए थे लेकिन अब फ्लोटिंग बोट का सतरेंगा में नामोनिशान भी नहीं है। वन विभाग व जिला प्रशासन को इन दोनों पर्यटन केंद्र को और कैसे बेहतर किया जा सकता है।

## कटघोरा को जिला बनाने की मांग फिर तेज

# अधिवक्ता संघ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा सरकार को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

कटघोरा को जिला बनाए जाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आ रही है। कटघोरा अधिवक्ता संघ ने आज से कटघोरा को जिला का दर्जा देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अधिवक्ताओं के इस आंदोलन को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश पाल ने धरना स्थल पर जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले वर्ष 2021 से 2023 तक कांग्रेस शासनकाल में भी कटघोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर करीब दो वर्षों तक आंदोलन किया गया था। उस दौरान सर्व समाज और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने आंदोलन को समर्थन दिया था। बावजूद इसके, वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने चार नए जिले बनाए, लेकिन कटघोरा को जिला बनाए जाने से वंचित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कटघोरा दौरे के दौरान अधिवक्ता संघ ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर कटघोरा को जिला बनाने की मांग दोहराई थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अधिवक्ताओं और आम जनता में गहरी नाराजगी है। अधिवक्ता संघ के सचिव अमित सिन्हा ने कहा कि पूर्व आंदोलन के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार के विधायक और सांसदों ने भी कटघोरा को जिला बनाए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन उस वादे को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनभावनाओं की उपेक्षा का ही नतीजा रहा कि जनता ने न केवल स्थानीय विधायक बल्कि कांग्रेस सरकार को भी सत्ता से बाहर कर दिया। अमित सिन्हा ने आगे कहा कि इस बार कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चुने गए हैं और कोरबा से लखनलाल देवांगन राज्य सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में कटघोरा की जनता को विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से पूरी उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ की सबसे पुरानी तहसीलों में शामिल कटघोरा को इस बार जिला का दर्जा जरूर मिलेगा। अधिवक्ता संघ ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इस बार भी कटघोरा की जनता के साथ छल किया गया तो अधिवक्ता संघ और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र की जनता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। संघ ने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक कटघोरा को जिला घोषित नहीं किया जाता। धरना-प्रदर्शन के चलते कटघोरा में प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियों पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं और आने वाले दिनों में यह आंदोलन और तेज होने के आसार जताए जा रहे हैं।

# अलग अलग जगहों में कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई


कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की बैठक में कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशासानुसार जिले की संयुक्त टीम जिसमें पुलिस विभाग से डीएसपी प्रतिभा मरकाम, रामपुर थाना से 2 आरक्षक, नगर निगम से मनहरण नेताम, शिक्षा विभाग से एचआर.मिरेन्द्र, श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक श्रीमती सरस्वती बंजारे, खाद्य एवं औषधि विभग से औषधि निरीक्षक सुनील कुमार साण्डे एवं स्वास्थ्य विभाग से जिला सलाहकार (एनटीसीपी) डॉ.मानसी जायसवाल, सोसल वर्कर संतोष कुमार केवट के द्वारा बुधवारी बाजार सरस्वती शिशुमंदिर के 100 गज के दायरे में आने वाली तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानों में धारा 4 और धारा 6(अ) 6(ब) का उलंघन किए जाने पर 5 दुकानों में चालानी की कार्यवाही की गई जिसमें रूपये 1750 रुपए जुर्माना वसूला गया और आईसी पाम्पलेट बांटते हुए उपस्थित लोगों को कोटपा अधिनियम 2003 के बारे में जानकारी देते हुए तम्बाकू सेवन से होने वाले दूष्प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानों में धारा 6 (अ) का पोस्टर चस्पा किया गया। वहीं कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के निर्देशानुसार तथा डॉ.कुमार पुष्पेष नोडल अधिकारी (एन.टी.सी.पी.) के नेतृत्व मे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 27 जनवरी को परिवर्तन दल डॉ.मानसी जायसवाल, जिला सलाहकार (एन.टी.सी.पी).,विरेन्द्र भगत, ड्रग इंपेक्टर (खाद्य एवं औषधी विभाग), संतोष केवट सोसल वर्कर की संयुक्त टीम के द्वारा एनटीपीसी गेट, जामगांव और स्याहीमुडी क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाले दुकानों में उपस्थित लोगों को कोटपा अधिनियम 2003 के बारे में तम्बाकू बिक्री पर रोक के संबंध में जागरूक किया गया साथ ही विभिन्न स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के अंतर्गत 11 चालान काटा गया जिसकी राशि 1600 रूपये वसूला गया तथा 2 जगह समझाईस देकर छोड़ा गया।

**खास बातें**
- नगर निगम, शिक्षा विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही
- स्कूल के सौ गज के दायरे में आने वाले तम्बाखु उत्पाद बिक्री केंद्रों पर हुई कार्यवाही।

# शहर में बुलेट रैली से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के अंतर्गत जिला परिवहन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर में बुलेट रैली निकाली गई। जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा परिवहन के मार्गदर्शन में आम जागरूकता के लिए यह राइड आयोजित की गई। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस वर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह के बजाय पूरे एक महीने सड़क सुरक्षा माह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला परिवहन विभाग कोरबा के दिशा निर्देश एवं रॉयल एनफील्ड कैलाश ऑटो एजेंसी के सहयोग ने यह बाइक रैली टीपीनगर से प्रारंभ हुई। इस दौरान रैली सीएसईबी चौक, तानसेन चौक, कोसाबाड़ी, निहारिका, घंटाघर एवं बुधवारी बाजार से होते हुए पुनः टीपीनगर स्थित रॉयल एनफील्ड के शोरुम पर समाप्त हुई। कैलाश ऑटो एजेंसी के संचालक आलोक दिवाटे के नेतृत्व में हेलमेट पहनकर बुलेट में सवार राइडर्स ने रैली के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा के अनिवार्य नियमों का पालन का संदेश दिया। जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोटें केवल हेलमेट या सीट बेल्ट न लगाने के कारण होती हैं, जिन्हें आसानी से टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क पर सफर करते वक्त न केवल चालक, अपितु हर राहगीर की सुरक्षा हम सब की एक सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है। ऐसे में स्वयं की, अपने परिवार-दोस्तों के साथ सड़क पर चल रहे हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का अनुसरण अनिवार्य रूप से करें। श्री सिन्हा ने जिलेवासियों को बाइक चलाते वक्त हेलमेट पहनने, कार ड्राइविंग के समय सीट बेल्ट लगाने, लेन अनुशासन का पालन करने, गति सीमा में वाहन चलाने, नशे में ड्राइविंग न करने, ट्रैफिक सिग्नलों का सम्मान करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए।

# स्कूलों के आसपास मनचले युवकों को पुलिस ने सिखाया सबक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अक्सर यह देखने को मिलता है कि स्कूल कॉलेज के आसपास कुछ मनचले युवक हमेशा बाइक व अन्य माध्यम से फर्राटे मारते रहते हैं और छिंटाकशी करते रहते हैं। ऐसे मनचले युवकों के खिलाफ पुलिस ने मोर्चा खोल दिया है। बताया जाता है कि पुलिस ने शुक्रवार को विशेष अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्कूलों के आसपास पुलिस के अधिकारी स्कूल कॉलेज के आसपास और मनचले युवकों को जमकर सबक सिखाया। जहां युवकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। साथ ही कुछ युवकों को पकड़कर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर प्रक्षिशु डीएसपी आस्था शर्मा व उनकी टीम द्वारा शहर के अलग-अलग स्कूलों के आसपास पहुंचे हुए थे। जहां स्कूल के आसपास कुछ मनचले युवक नजर आ रहे थे। उन युवकों को पुलिस ने जमकर सबक सिखाया है। नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत पहले दिन दो मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जबकि 6 स्कूल के आसपास संचालित होने वाले ठेला गुमटी को हटाने की कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों के खिलाफ कोटपा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## स्कूल के बाहर भिड़े नाबालिग चाकूबाजी से थर्राया इलाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित पंडित रामदुलारे आत्मानंद स्कूल, मुक्तिधाम एक बार फिर गंभीर विवादों के कारण सुर्खियों में आ गया है। स्कूल की छुट्टी के बाद शुक्रवार की शाम कक्षा नवमी और दसवीं के छात्रों के बीच जमकर झड़प हुई। विवाद इतना बढ़ा कि नाबालिग बच्चों ने चाकू निकलकर हमला कर दिया। इस वारदात में कक्षा नवमी के दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकंडा पुलिस ने मामले में 4 नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है, जांच जारी है।

सूत्रों के अनुसार स्कूल की छुट्टी रोजाना 4 बजे होती है। कक्षा नवमीं और दसवीं के छात्रों के दो गुटों में कहासुनी हुई। इन लोगों के बीच पहले से ही आपसी रंजिश है। इसी दौरान कक्षा दसवीं के कुछ छात्रों ने अपने साथियों और कुछ बाहरी युवकों को स्कूल परिसर के आसपास बुला लिया। करीब 4:15 बजे, जब कक्षा नवमी के दोनों छात्र स्कूल से बाहर निकले,दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। इससे पहले 9वीं के छात्र कुछ समझ पाते चार युवकों ने उन पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक छात्र को सीने और पीठ, जबकि दूसरे को पेट और पीठ में गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद स्कूल परिसर और आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने तत्काल सरकंडा थाना को जानकारी दी।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## बाजार विभाग के पास दुकानदारों ने 8 लाख 32 हजार राशि जमा की

# पांच सालों से जमा नहीं किया 10 लाख, विरोध हंगामे के बीच शनिचरी की 18 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


दुकान को सील करते नगर निगम के कर्मचारी।

शनिचरी स्थित 18 दुकानों को निगम ने शुक्रवार की दोपहर सील कर दिया। इन दुकानदारों से पिछले पांच सालों से करीब 10 लाख रुपए किराया जमा नहीं किया था। दुकानदारों को तीन बार नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। भारी विरोध और हंगामे के बीच निगम ने तालाबंदी कर दी। इस दौरान निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के पास नेताओं के फोन भी आते रहे है। हालांकि बाद में शाम को दुकानदारों ने 8 लाख 32 हजार राशि जमा कर दी। इसके बाद सील दुकानें खोल दीं गईं। दो दुकानें जिन्होंने पौने दो लाख रुपए जमा नहीं किया उनकी तालाबंदी नहीं खोली गई। शुक्रवार को निगम ने शनिचरी बाजार में रपटा के पास, बाल्मिकी चौक, हरदेवलाल मंदिर के पास दुकानों में किरायेदार के रूप में काबिज 17 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुबह दुकानों में ताला लगा दिया। जिसके बाद 16 दुकानदारों ने शाम तक बकाया किराए की राशि में से लगभग 8 लाख 32 हजार रुपए जमा कर दिए। इन सभी दुकानदारों का करीब 14 लाख रुपए बकाया था। सीलबंदी की कार्रवाई के बाद सभी ने निगम कार्यालय पहुंचकर बकाया राशि में से आधी रकम का भुगतान किया है। शेष बकाया राशि जल्द जमा करने का आश्वासन दिया है,जिसके बाद सभी दुकानों से सील खोल दी गई।

### किराया सिर्फ 800, वो भी नहीं चुका रहे

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक इन दुकानों का किराया 800 रुपए से लेकर एक हजार तक है। इसके बाद भी इनका किराया नहीं जमा किया जा रहा था। यह भी जानकारी मिली कि इनमें से अधिकांश लोगों ने दुकानों को उपकिराएदारी में चढ़ा दिया है और दूसरे लोगों सो 40 हजार रुपए प्रति महीना तक ले रहे हैं। ध्यान रहे कि नगर निगम की दुकानें मुख्य रूप से गोल बाजार, शनिचरी बाजार, प्रताप चौक आदि जगहों में है। कई दुकानों को 20 तो कुछ को 90 साल पहले मामूली किराए पर दिया गया है। तय नियम के अनुसार पिछली बार सभी दुकानदारों की लीज 30 साल के लिए नवीनीकरण किया गया था। उनकी अवधि भी पूरी हो चुकी है।



19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411